हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 जून 2026

06 भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता...



09 कलेक्टर के आदेश की उड़ी धज्जियां कांग्रेस ने...





## खबर संक्षेप

### अपेक्स बैंक की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 11 जून 2026 (गुरुवार) को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सागर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में सागर संभाग के सभी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सागर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा ने बताया कि महेन्द्र सिंह यादव प्रातः 9:00 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11:30 बजे सागर पहुंचेंगे और बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### जनहित के दृष्टिगत कलेक्टर ने किया कुंआ का अहिग्रहण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संभावित पेयजल संकट एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सागर जिले की तहसील सागर ग्रामीण अनुभाग सागर क्षेत्रान्तर्गत विकासखंड राहतगढ़ के ग्राम माराइमलिया के निवासी अजब सींग आदिवासी के कुंआ का अधिग्रहण किया। जारी आदेश के अुनसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर के पत्र के आधार पर सागर जिले की तहसील सागर ग्रामीण अनुभाग सागर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माराइमलिया विकासखंड राहतगढ़ मे उत्पन्न होना संभावित है। ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधित अधिनियम 2002 की धारा 4 (क) में निहित प्रावधानों के तहत ग्राम माराइमलिया तहसील सागर ग्रामीण अनुभाग सागर के निवासी अजब सींग आदिवासी का निजि जल स्त्रोत कुंआ तत्काल प्रभाव से अधिग्रहण किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश जारी होने तक लागू रहेगा एवं आदेश का उल्लंघन किये जाने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### वित्तीय अनियमितता पर सरपंच-सचिव सहित पांच को नोटिस

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बसाहरी में खेत तालाब एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की जांच में कराई गई है। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर जनपद पंचायत खुरई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बसाहरी निवासी शिकायतकर्ता प्रताप सिंह राजपूत द्वारा खेत तालाब एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कराए गए कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच के लिए एक जांच दल गठित किया गया था।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में आज डॉ. हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टेण्ड, सागर परिसर में बरगद हॉस्पिटल एवं जिला बस आपरेटर एसोशिएशन, सागर के सौजन्य से कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रायः देखा गया है कि चालक अपने प्रतिदिन के कार्यो में व्यस्त रहते है इसलिए वह चिकित्सालय में जाकर स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण नहीं करा पाते है। इसलिए बस स्टेण्ड परिसर में ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रातः 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निरंतर वाहन चालकों की भीड़ लगी रही। आज कुल 102 चालक/परिचालकों द्वारा स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया।

---

सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ सहित विशेष पूजा की गई आयोजित

# पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन और उनकी पद्धति से हम सब कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती हैं : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समृद्धशाली, शक्तिशाली और सांस्कृतिक वैभव से गौरवान्वित भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने आज भारत के इतिहास में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा निरंतर कार्यकाल का कीर्तिमान स्थापित किया है इसके लिए हम सभी कार्यकर्ता और जनसामान्य ने भगवान श्री राम और श्री देव हनुमान जी के मंदिर में महाआरती, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ सहित विशेष पूजा की है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बांदरी स्थित हनुमान जी मंदिर में व्यक्त किए।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी का गत 4399 दिवस का कार्यकाल देश के लिए उपलब्धियों और सौभाग्य से भरा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और देश की जनता के लिए यह गौरव का अवसर है।

खुरई विधानसभा क्षेत्र के हम सभी कार्यकर्ता और जनता इस अवसर पर भगवान श्री हनुमान जी का सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, भगवान श्री राम और हनुमान जी की आरती के लिए यहां पर उपस्थित हैं। हम सभी भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि हमारे देश को एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व इसी तरह से मिलता रहे।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के जीवन, उनकी जीवन पद्धति से हम सब कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। हम यह समझ सकते हैं कि कितना संघर्ष, निष्ठा, त्याग और समर्पण से भरा जीवन नरेंद्र मोदी का रहा है। एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में सफलता पूर्वक काम करते हुए वे उपलब्धियों के इस शिखर तक पहुंचे हैं उनकी यह यात्रा हम सब कार्यकर्ताओं की जानकारी में होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बचपन गरीबी में बिताया, युवावस्था में ही अपना घर छोड़ दिया और सन्यासियों के साथ हिमालय में चले गए। वह सन्यासियों के साथ हिमालय में करीब 2 साल के बाद देश के राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। उन्होंने अपनी जीवन की राजनीतिक यात्रा प्रारंभ की और लगभग 25 वर्ष मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए उनको हो गए। उन्होंने इस दौरान अपने जीवन में आज तक अवकाश नहीं लिया। वे अपनी दिनचर्या में साढ़े तीन से चार घंटे की नींद लेते हैं। रोज सुबह 4 बजे उठकर योग और ध्यान करते हैं।

पूर्व मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को सफलता के यह सूत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सीखी दिनचर्या के कारण मिले। उनके जीवन में परिवार के रूप में सब कुछ उनकी मां थीं। वह वर्ष में एक बार अपने जन्मदिन पर गुजरात जाकर श्रद्धेय मां के चरणों का पूजन करते थे, आशीर्वाद लेते थे। जब उनकी मां का स्वर्गवास हुआ तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को संदेश भेजा कि कोई भी उनकी मां की अंतिम संस्कार में अपना काम छोड़कर नहीं आए। वह स्वयं गए 7:30 बजे गये, मां का उन्होंने अंतिम संस्कार किया और ठीक 10:30 बजे वह रेल विभाग के एक कार्यक्रम में बंदे भारत ट्रेन 10:30 का शुभारंभ कर रहे थे। कर्मयोगी नरेन्द्र मोदी कभी अस्वस्थ नहीं हुए। प्रधानमंत्री के रूप में दुनिया की सारी सुविधाएं होने के बावजूद छोटी-मोटी अस्वस्थताओं पर आयुर्वेद और देशी पद्धति से स्वयं को स्वस्थ रखते हैं। वे नवरात्रि में 9 दिन तक जल या नींबू पानी पर रहते हैं लेकिन उनके काम की गति में तब भी भी कोई अंतर नहीं आता। जब लोग सुबह 6:00 बजे 7:00 बजे सो कर उठते हैं तब वे प्रधानमंत्री कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक प्रारंभ कर देते हैं। इसलिए आज वह दुनिया में शिखर पर पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया की सारी एजेंसी इस बात को कहती हैं कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वे सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले नेता हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आटोग्राफ लेने की इच्छा जताई थी। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी की मेक इन इंडिया जैसी नीतियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बहुत ही चतुर और विश्व के उत्कृष्ट नेताओं में से एक बताया है।



## विद्युत विभाग की लापरवाही : हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**खुरई।** खुरई में पिछले कुछ सालों से ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिसमें विद्युत लाईनों के नीचे होने से करेंट की चपेट में आने से लोगों की मौतें हो चुकी हैं। लेकिन विभाग अपनी कमियों को दूर नहीं कर पा रहा है। ऐसा ही एक और मामला मंगलवार को खुरई पठारी रोड पर देखने में आया। ट्रक से उतरते समय मजदूर को लगा करेंट दरअसल एक निजी वेयर हाउस से मूंग फसल की लोडिंग के लिये सागर से ट्रक और कई मजदूर आये थे। सभी मजदूर दूसरे वाहनों से आये लेकिन एक मजदूर ट्रक में आया। जैसे ही पठारी रोड स्थित एक निजी वेयर हाउस के पास ट्रक पहुंचा सड़क किनारे निकली हाईटेंशन लाईन के संपर्क में ट्रक आ गया। जिसे ट्रक चालक नहीं देख पाया। ट्रक में बैठा मजदूर जैसे ही नीचे उतरा तो जमीन से अर्थिंग मिलने से वह करेंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे सिविल अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सागर के भगवान गंज, स्टेशन के पास रहने वाला 35 वर्षीय कुंजीलाल पिता अंटा बंसल बताया जा रहा है। दो लापरवाहियों से हुई घटना घटना का कारण दो लापरवाहियां बताई जा रहीं है एक तो वेयर हाउस संचालक की षिकायत के बाद भी विद्युत विभाग ने हाईटेंशन लाईन की उंचाई नहीं बढ़ाई। वैयर हाउस संचालक इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग से शिकायत कर चुके हैं कि उनके वेयर हाउस के सामने से हाईटेंशन लाईन को ऊंचा किया जाये। चूंकि खंबे धसकने से लाईन नीची हो गई। वेयर हाउस के सामने हाईटेंशन लाईन लगभग 10 से 12 फिट उंची ही है। दूसरा आजकल ज्यादा माल भरने के चक्कर में ट्रांसपोर्ट संचालक नियम विरुद्ध ट्रकों की बाडी ज्यादा उंचाई की बना रहे हैं। जिससे ट्रक लाईन के संपर्क में आया और मजदूर की मौत हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुये शहरी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। ट्रक जब्त किया गया है। कार्यवाई जारी है।



## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित केसली आगमन को लेकर किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित केसली आगमन को लेकर विधायक बृजबिहारी पटेरिया, कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। विधायक पटेरिया ने हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावें। हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल पर भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जगह पेयजल, शौचालय, छायादार स्थान सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि सुचारू रखें। कलेक्टर श्रीमती पाल ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ डॉक्टर, मेडिसिन और गर्मी को देखते हुए ओआरएस वगैरह उपलब्ध रहे।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल, पार्किंग, हेलीपैड सहित सड़क मार्ग को सुचारू रूप से रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किया जावे जहां आवश्यकता हो तत्काल बेरिकेटिंग करें। कार्यक्रम स्थल एवं सीएम के रूट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, केसली एसडीएम राजनंदिनी शर्मा, देवरी एसडीएम मुनव्वर खान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मत्स्य संपदा योजना का संभाग में परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता के साथ मुहैया कराने के निर्देश मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग में मछुआ परिवारों को लक्ष्य के विरुद्ध काफी कम संख्या में क्रेडिट कार्डों का वितरण किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मछुआ परिवारों को प्राथमिकता के साथ क्रेडिट कार्डों का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनओं का लाभ सागर संभाग के मत्स्यपालकों को दिलाना सुनिश्चित किया जाए।



कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना है इस योजना का सागर संभाग में परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि इस योजना के माध्यम मत्स्य पालकों के जीवन में परिवर्तन आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों एवं संचालित गतिविधियों का मैं स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करुंगा। उन्होंने मत्स्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सागर संभाग में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को मत्स्यपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं नापतौल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि निवाड़ी जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति ठीक नहीं है। कमिश्नर ने सहायक संचालक उद्यानिकी निवाड़ी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने समीक्षा के दौरान कहा कि उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारी किसानों से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें उद्यानिकी फसलें लगाने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उद्यानिकी फसलें लगाने के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सतत रूप से देना सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने सागर संभाग में प्रमुख धार्मिक स्थलों के आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को फूलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी विभाग द्वारा जल संवर्धन अभियान के तहत कराए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की।




## सागर में महिला श्रम सेवा न्यास की नेटवर्किंग वर्कशॉप संपन्न

**सागर।** महिला श्रम सेवा न्यास संस्था द्वारा सागर में नेटवर्किंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त कार्यालय से सहायक श्रम आयुक्त ज्योति पांडे, श्रम अधिकारी जैन सर, नगर निगम से भगवत प्रसाद (सिटी मजिस्ट्रेट) तथा आजीविका मिशन शाखा के प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आई लगभग 60 बहनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रव्लजन, अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। इसके बाद बहनों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं उचित समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संगीता चौरसिया ने संस्था द्वारा महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा आजीविका के अवसरों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्कशॉप के माध्यम से महिलाओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला, जिससे उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य विभागों एवं महिला सदस्यों के बीच समन्वय स्थापित कर महिलाओं के हितों को मजबूत करना था।



## बिजली अधिकारी से हुई मारपीट के विरोध में रैली के साथ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**सागर।** विगत 06 जून को विद्युत विभाग के खुरई कार्यालय के भीतर कनिष्ठ अभियंता कैलाश बेलदार के साथ शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट की घटना घटित हुई थी जिसकी एफ.आई.आर. भी दर्ज हुई है। आरोपी खुरई नगर में खुले आम घूम रहे हैं, परिणाम स्वरूप कर्मचारियों में भय का वातावरण बना हुआ हैं सुरक्षा के अभाव में वे अपनी पूर्ण दक्षता के साथ कार्य नही कर पा रहे हैं। अधिकारी-कर्मचारी संघठनों के साथ सागर जिले के समस्त तहसील मुख्यालयों और वितरण केन्द्र मुख्यालयों के लगभग 500-600 अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा आज 10 जून बुधवार को एक विशाल रैली पावर हाउस बस स्टेंड से कलेक्ट्रेट तक निकालते हुए प्रदर्शनकर कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार प्रतीक रजक को ज्ञापन सौपा गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक सागर को भी ज्ञापन सौप कर आरोपियों की शीघ्र गिरफतारी की माँग की गई साथ ही ज्ञापन में स्पष्ट लेख किया यदि समय-सीमा के भीतर आरोपियों को गिरफतार नही किया जाता है तो समस्त अधिकारी कर्मचारी काम बंद कर अनिश्चित कालीन हडताल पर चले जाएगें तदोपरांत अधिकारियों- कर्मचारियों द्वारा मकरोनियां स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पहुँच कर प्रबंध संचालक (जबलपुर) को प्रेषित ज्ञापन मुख्य अभियंता (सागर-क्षेत्र ) को सौपा गया। बिजली विभाग की इस विशाल विरोध प्रदर्शन रैली में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी जिसमें अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्वर, कार्यपालन अभियंता संजय गुप्ता, इमरान खान, मोहन सुलया, प्रदीप साहू, मयंक मरकाम, वीरेन्द्र सिंह परते, आर.ए.ओ. सुभाष गुप्ता, सहायक अभियंता ओपी. अग्रवाल, अजीज खान विकास मिश्रा शामिल थे।

---

भाजपाई हैं सत्ता के लुटेरे : जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने लगाया आरोप

# राज्य सभा उम्मीदवार नटराजन के नामांकन रद्द होने को लेकर शहर कांग्रेस ने गांधी प्रतिमा के समक्ष किया धरना-उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने सब्जी मंडी स्थित गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस राज्य सभा उम्मीदवार बहन मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के विरोध में उपवास रख धरना दिया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि देश प्रदेश की सरकार सत्ता की लुटेरी है । डाकुओं की तरह पहले सरकारें लूटी और अब जनमत ना होने के बावजूद भी फर्जी तरीके से अपने राज्य सभा उम्मीदवार को जिताने की साज़िश की है। बहन मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं है केवल एक शिकायती पत्र था जो नामांकन रद्द होने कारण नहीं बनता । पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा जब कांग्रेस के विधायकों को नहीं खरीद पाई तो उसने बहन मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को गलत बताने निर्वाचन आयोग को उल्लू की तरह जगाकर दबावपूर्ण तरीके नामांकन रद्द कराया। नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह बब्बू यादव ने बताया कि कांग्रेस के विधायकों का संख्या बल



अधिक होने के बाबजूद भाजपा द्वारा प्रत्याशी उतारना सिद्ध करता हैं कि भाजपा पहले से ही साजिश रच चुकी थी। भाजपा का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो चुका।

इस अवसर पर कांग्रेस ने संविधान विरोधी - नरेन्द्र मोदी, एवं चुनाव आयोग तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी के नारे तथा रघुपति राघव राजा राम के भजन गाए। सभी कांग्रेस जन बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की फोटो व संविधान लिए हुए थे। इसमें पूर्व विधायक सुनील जैन, राकेश राय, चक्रेश सिंघई, सुलेखा राय, नीलोफर चमन अंसारी, रेखा सोनी, रोशनी वसीम खान, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राहुल चोबे, अवधेश तोमर, कमलेश तिवारी, शेलेन्द तोमर, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, ऋषभ जैन, समीर खान, सागर साहू, जितेंद्र चौधरी, लीलाधर सूर्यवंशी, दीनदयाल तिवारी, भैयन पटेल, चक्रेश रोहित, नौशाद अब्बासी, डॉ दिनेश पटेरिया, हीरा लाल चौधरी, डॉक्टर गीता कुशवाहा, अर्चना कनौजिया, अरविंद ठाकुर, अजय राजपूत, आनंद हैला, नीलेश अहिरवार, जाहिद ठेकेदार, सुरेश पंजवानी, अकबर राइन, हरिश्चंद्र सोनवार, महेश अहिरवार, पीयूष अवस्थी, साजिद राइन, ज्योति मलैया, पवन पटेल, राहुल रजक, रेखा अहिरवार, सुनील ठाकुर, कुंदन जाट, बंटी कोरी, कुंजीलाल लड़ियां, गोपाल प्रजापति, निखिल जैन, बाबू मछंदर, संजय शराफ, तज्जु भाई जान, नरेश संनकत, फिरदौस कुरैशी, अरविंद मछंदर, संजय जैन, तरुण कोरी, कालीचरण प्रजापति, मयंक ठक्कर, लक्ष्मीकांत अहिरवार, शेरु खान, टीकाराम दीवान, अरविंद पंथी, गंगा राम अहिरवार, श्रीं दास रैकवार, कल्लू गुप्ता, दशरथ रोहितास, राहुल सेन, देवेंद्र वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा...

# भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता इन्हीं के दम पर बनेगी बहुमत वाली सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं की बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष भाजपा पं हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि पिछली बार मैं ने प्रदेश अध्यक्ष जी से लखनऊ में ललितपुर आने का आग्रह किया था और आदरणीय ने हमारी प्रार्थना स्वीकार कर ललितपुर आने की कृपा की जिससे हम लोग अनुग्रहित हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि जब से आप अध्यक्ष वने हैं कार्यकर्ताओं में अपूर्व जोश है । मुख्य अतिथि एवं बक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जब से मैं प्रदेश अध्यक्ष बना हूं तब से मेरी इच्छा हर जिला में जाने की थी और मैं चाहता हूं कि हर कार्यकर्ता से रुबरु होकर उसकी राय जान सकूं और उसी नाते में आपके जिले में आया है। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आगे संगठनात्मक बैठक के दौरान जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हीं के परिश्रम और संगठनात्मक शक्ति के बल पर प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करें और आगामी चुनावी तैयारियों में अभी से जुट जाएं। बैठक के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने सपा के कार्यकाल को लूट, अराजकता, अपराध और परिवारवाद के रूप में देखा है, इसी कारण जनता का विश्वास उस पर कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व द्वारा नए नामों और नारों के माध्यम से अपनी राजनीतिक छवि बदलने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता सब समझती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां विकास, सुशासन और जनकल्याण पर आधारित हैं, जबकि विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम करता है।

### एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं हित पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है क्योंकि यह चुनावी बर्ष है लेकिन यह भी सच है कि जब कार्यकर्ताओं द्वारा मन लगा कर काम किया जाता है तभी हम चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी तो पूर्व हो सकता है लेकिन कार्यकर्ता कभी पूर्व नहीं होता है । उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता सीधा होता है और वह सिर्फ सम्मान का भूखा होता है । उन्होंने कहा कि हमारा परिवार बहुत बड़ा है और हमें मिल कर काम करना है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पी डी ए उनका खुद का परिवार है। उन्होंने कहा कि सपा अब एक अराजकता का प्रतीक बन गया है इसलिए यह लोग अब अपने को पी डी ए कहने लगे हैं।जब कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास,सबका विश्वास की बात करती है। उन्होंने कहा कि हम सब आज से ही अगले विधानसभा चुनाव हेतु कमर कस लें। इस अवसर पर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जी की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष मा प्रकाश पाल, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी पं अनूप अवस्थी,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विवेक जैन,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,बब्बू राजा बुन्देला,पूर्व अध्यक्ष गण प्रेमचंद पटैल, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन,जगदीश सिंह लोधी एड, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड, गौरव गौतम,रजनी अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी, वरिष्ठ नेता गण पं रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा,व्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी,रामू कुशवाहा, गन्धर्व सिंह लोधी बाबूजी डॉ राजकुमार जैन, ईं भागीरथ बरुआ,डा स्वाधीनता कृष्ण, कमलापति रिछारिया, मोहन लाल रैकवार,अशोक रावत, जगदीश सिंह गोना कुसमाड़,रमेश खटीक, बंशीधर श्रीवास,जिला उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा नझाई, अवतार सिंह लोधी एड, उमाशंकर भोंड़ेले, रुचिका बुन्देला, अनुपमा जैन बजाज, अरविंद कौशिक,जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया, क्षेत्रीय मोर्चा पदाधिकारी गण अजय पटैरिया,हरिओम निरंजन, धर्मेन्द्र गोस्वामी,शशिशेखर पांडेय, श्रीमती लक्ष्मी रावत,जिला मंत्री ध्रुव सिंह सिसौदिया,दीपक पाराशर,मिहरवान सिंह पटैल, प्रभूदयाल गन्धर्व, देवेन्द्र तिवारी, पूजा कश्यप,रुपेश साहू, विक्रांत रावत,अजय जैन साईकिल, मनीष अग्रवाल, गौरव चौधरी, बसंती लारिया, मण्डल अध्यक्ष गण भगतसिंह राठौर, बृजेश राजपूत, शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, देवीसिंह बुन्देला, कृपाल सिंह लोधी,देशपत कुशवाहा,नीरज पटैरिया, सोबरन सिंह, मुकेश पाल, रामस्वरूप निरंजन, आशीष त्रिपाठी, रामगोपाल विश्वकर्मा, मोर्चा अध्यक्ष गण सुरेश टौंटे, सुरेन्द्र प्रताप रजक,सोनू चौबे, मनोज खटीक, सोमेश गुप्ता,दीपक शर्मा, आशीष हुड्डैत,दीपक मिश्रा,दीपक वैद्य, विनोद मिश्रा,शिवम पाराशर,अनुज शर्मा, आशीष सैनी,अमन द्विवेदी , गजेन्द्र सिंह लोधी, राहुल सिंह लोधी, मनोहर सिंह यादव, कल्लन कुशवाहा, पंकज जैन, सतीश पाठक,निहाल सिंह पटोरा कलां, अभिमन्यु सिंह लोधी,विजय प्रधान, राव साहव,दीपक सिंघई,कुंआतला,देवप्रकाश कल्लू पाल, अरविंद सिंघई आदि उपस्थित रहे।

अनजान कॉल बनी मुसीबत

## युवक के खाते से उड़ाए 55 हजार रुपए, कोर्ट के आदेश पर साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक अज्ञात साइबर अपराधी ने फोन कॉल के जरिए युवक को अपने जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए। हालांकि पीड़ित की सतर्कता और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की त्वरित कार्रवाई से पूरी रकम समय रहते होल्ड करा दी गई। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपुरा निवासी जसमीत सिंह पुत्र गुरु चरण सिंह सलूजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। बातचीत के दौरान साइबर ठग ने उन्हें झांसे में लेकर बैंकिंग संबंधी प्रक्रिया करवाई, जिसके कुछ ही समय बाद उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 55 हजार रुपये की राशि निकल गई। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही जसमीत सिंह को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित लेन-देन को ट्रैक किया और रकम को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। बताया गया है कि शिकायत संख्या 33104260082217 के आधार पर साइबर सेल ने समय रहते रकम को फ्रीज करवा दिया, जिससे धनराशि पूरी तरह साइबर ठग के कब्जे में नहीं पहुंच सकी। यह कार्रवाई पीड़ित के लिए बड़ी राहत साबित हुई। जसमीत सिंह का आरोप है कि साइबर सेल द्वारा रकम होल्ड किए जाने के बाद उन्होंने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने और होल्ड रकम को वापस दिलाने की मांग की थी। इसके बावजूद उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

### साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील

विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक, केवाईसी, ओटीपी, यूपीआई या खाते से संबंधित किसी भी जानकारी को फोन पर साझा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन लेन-देन की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगी गई रकम को होल्ड कराने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

जीआरपी थाना ललितपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच की शुरू

## ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह, अमृतसर एक्सप्रेस से लैपटॉप व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

रेलवे स्टेशन के आसपास चलती ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह यात्रियों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। बीते दिनों दो अलग-अलग ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के कीमती सामान चोरी होने के मामले सामने आए हैं। एक यात्री का लैपटॉप, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया, जबकि दूसरे यात्री का चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन शातिर चोर उड़ा ले गए। दोनों मामलों में जीआरपी थाना ललितपुर ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ट्रेन संख्या 11058 अमृतसर एक्सप्रेस में हुई। मध्य प्रदेश के सागर जनपद स्थित बीना निवासी आर्जव जैन हजरत निजामुद्दीन से बीना की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एम-03 की सीट संख्या 65 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना बैग सीट के पास रखा और सो गए।

ललितपुर रेलवे स्टेशन के समीप जब उनकी नींद खुली तो उनका बैग गायब था। पीड़ित के अनुसार बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप, 10 हजार रुपये नकद, पावर बैंक तथा चार्जर रखा हुआ था। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 43,300 रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरी घटना ट्रेन संख्या 22589 हडपसर-अमृतभारत एक्सप्रेस में हुई। कानपुर निवासी हर्ष श्रीवास्तव गोविन्दपुरी से मनमाड की यात्रा कर रहे थे। वह कोच एस-08 की बर्थ संख्या 78 पर सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना रेडमी-9 मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट पर लगाया और सो गए। अगली सुबह करीब पांच बजे ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली तो मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट से गायब था। चोरी हुए मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 9 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल में जियो कंपनी का सिम भी लगा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों मामलों में जीआरपी ललितपुर ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### यात्रियों से सतर्क रहने की अपील

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए जीआरपी ने रेल यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यात्रा के दौरान कीमती सामान को असुरक्षित न छोड़ें, सोते समय बैग को चेन या लॉक से सुरक्षित रखें तथा मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाते समय उस पर नजर बनाए रखें। पुलिस को आशंका है कि क्षेत्र में कोई सक्रिय गिरोह यात्रियों को निशाना बना रहा है, जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

भूत-प्रेत का साया बताकर युवक को फंसाया

## इलाज के बहाने बाइक और नकदी लेकर फरार हुए ठग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

अंधविश्वास और झाड़-फूंक के नाम पर ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला थाना तालबेहट क्षेत्र में सामने आया है। दो शातिर ठगों ने एक युवक को उसकी बीमार दादी का इलाज करने और उन पर कथित भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद इलाज के बहाने उसे तालबेहट ले गए और मौका पाकर उसकी मोटरसाइकिल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गेवरा गुन्देरा निवासी जयदेव प्रजापति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 4 जून की सुबह करीब सात बजे लाल रंग की टीवीएस सुजुकी मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति उनके घर पहुंचे। दोनों ने बताया कि उन्हें गांव के ही हरिराम ने भेजा है और वे बीमार लोगों का उपचार करते हैं। उनकी बातों पर विश्वास करते हुए जयदेव ने उन्हें घर में बैठाया और अपनी बीमार दादी को दिखाया। आरोपियों ने दादी को देखने के बाद कहा कि उनके उपचार में पांच हजार रुपये खर्च होंगे। इसके बाद उन्होंने परिवार को डराते हुए कहा कि वृद्ध महिला पर भूत-प्रेत का साया है और उसे हटाने के लिए विशेष दवा की जरूरत पड़ेगी, जो तालबेहट में मिलेगी। आरोपियों ने अपना नाम मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के पृथ्वीपुर निवासी भज्जू उर्फ भन्तू आदिवासी तथा रमेश आदिवासी बताया। ठगों की बातों में आकर जयदेव अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से दोनों के साथ तालबेहट के लिए रवाना हो गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे पूराकला तिराहे के पास पहुंचने पर आरोपियों ने उसे कुछ दवा और सामान लाने के लिए सामने की दुकान पर भेज दिया। जैसे ही जयदेव सामान लेने गया, दोनों आरोपी उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।

सीने पर तमंचा तानकर मांगी 50 हजार महीना रंगदारी

## बकाया भुगतान मांगने पर ठेकेदार से मारपीट

### छह माह पुराने काम के दो लाख रुपए मांगने गया था ठेकेदार, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र में एक ठेकेदार के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि छह माह पहले किए गए निर्माण कार्य का बकाया भुगतान मांगने पर एक व्यक्ति ने ठेकेदार के साथ मारपीट की, उसे जान से मारने की धमकी दी और जिले में ठेकेदारी करने के लिए हर महीने 50 हजार रंगदारी देने की मांग की।

मामले में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला घुसयाना निवासी आमिर खान पुत्र रशीद खान ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। करीब छह माह पूर्व उन्होंने राजपूत कॉलोनी निवासी रामकुमार दुबे के यहां निर्माण कार्य कराया था। इस कार्य के एवज में लगभग दो लाख रुपये की धनराशि बकाया थी, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया था। पीड़ित के अनुसार, 16 मई 2026 की शाम करीब पांच बजे वह अपने बकाया रुपये मांगने के लिए रामकुमार दुबे के घर पहुंचे थे। रुपये मांगने पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा।

आरोपी ने कथित रूप से कहा कि उसके बड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जब ठेकेदार ने अपनी मेहनत की कमाई मांगने की बात कही, तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि उसे ललितपुर में ठेकेदारी का काम करना है तो हर महीने 50 हजार रुपये रंगदारी देनी होगी। अन्यथा उसे जिले में कोई काम नहीं करने दिया जाएगा। घटना के दौरान जब पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने घर के अंदर गया और हथियार लेकर वापस आया। उसने ठेकेदार के सीने पर हथियार तानते हुए जान से मारने की धमकी दी और दोबारा रुपये मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। आमिर खान का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। अंततः न्याय पाने के लिए उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने 8 जून 2026 को आरोपी रामकुमार दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 115(2), 352, 351(3) और 308(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्री ने दिया डीओ लेटर



**ललितपुर।** जिला राठौर प्रभारी समिति के प्रमुख रविशंकर राठौर 'पूर्व पार्षद' एवं विनोद कुमार राठौर 'मुनीम' ने नगर विकास राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, राकेश राठौर 'गुरु' से उनके सीतापुर स्थित आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष जिला राठौर समाज की जटिल समस्याओं को विस्तार से रखा और समाज के उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया। मंत्री ने करीब एक घंटा अपना अमूल्य समय देकर सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना। मंत्री राकेश राठौर ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग को डी.ओ. लेटर तत्काल रविशंकर राठौर एवं विनोद राठौर को हाथों-हाथ सौंपा। इससे समाज के लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इस सकारात्मक पहल पर जिला राठौर समाज, ललितपुर ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

मुंबई निवासी महिला ने लगाया गाली-गलौज कर धमकाने का आरोप

## मां से मिलने आई महिला से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रावतयाना में वृद्ध मां से मिलने आई एक महिला के साथ कथित मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले एक दंपत्ति ने उसके साथ सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दोबारा ललितपुर आने पर उसे तथा उसके पति को जान से खत्म करने की धमकी दी। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने के बाद मामला न्यायालय पहुंचा, जिसके आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला रावतयाना निवासी तथा वर्तमान में पनवेल, मुंबई में रहने वाली निधिकमल वर्मा 3 मई 2025 को अपनी वृद्ध मां ममता देवी के बुलावे पर उनसे मिलने ललितपुर आई थीं। सुबह करीब नौ बजे वह अपनी मां के घर पहुंचीं, तभी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आरोप है कि रावतयाना में रहने वाले गौरव सिंह और उनकी पत्नी संध्या सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट भी की। पीड़िता का कहना है कि घटना के दौरान आसपास के कई लोग मौजूद थे, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम को देखा। मामले को लेकर मोहल्ले में भी काफी चर्चा रही। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि यदि वह दोबारा अपनी मां से मिलने ललितपुर आईं तो उन्हें और उनके पति को जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की, किंतु वहां से भी समाधान नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

### ड्यूटी पर गए फायरमैन के आवास में लाखों की चोरी

**ललितपुर।** शहर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवासों की सुरक्षा पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अज्ञात चोरों ने फायर सर्विस में तैनात एक फायरमैन के सूने सरकारी क्वार्टर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर खिड़की का शीशा और मच्छर जाली तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए तथा अलमारी में रखी डेढ़ लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। झांसी जनपद के ग्राम मुरारी निवासी कपिल कुमार वर्तमान में ललितपुर फायर सर्विस में फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास संख्या-03 में रहते हैं। कपिल कुमार ने बताया कि 24 मई को विभागीय व्यवस्था के तहत उनकी ड्यूटी महरौनी थाना क्षेत्र में लगा दी गई थी। ड्यूटी के लिए रवाना होते समय उन्होंने अपने सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद कर दिया था। करीब 12 दिन बाद 5 जून की सुबह जब कपिल कुमार ड्यूटी समाप्त कर अपने सरकारी आवास पहुंचे, तो घर की हालत देखकर दंग रह गए। कमरे की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और मच्छर जाली भी क्षतिग्रस्त थी। अंदर प्रवेश करने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला तथा अलमारी खुली हुई थी। पीड़ित के अनुसार, चोर अलमारी में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी अपने साथ ले गए। इसके अलावा चार सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक सोने का हार तथा चांदी की पायल, बिछिया और अन्य कीमती आभूषण भी चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

## व्यापारियों की समस्या का समाधान करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल ललितपुर के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने मंगलवार को प्रदेश के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को सौंपा। यह ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य बनवारी लाल कंछल के आह्वान पर प्रदेशव्यापी अभियान के तहत दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में व्यापारियों द्वारा जीएसटी के माध्यम से केंद्र सरकार को लगभग 22.16 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके बावजूद व्यापारियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना



करना पड़ रहा है, जिनके समाधान की आवश्यकता है।

व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए तथा दुकान में आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की स्थिति में एक करोड़ रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा विभिन्न विभागों की बकाया राशि एवं जीएसटी रिटर्न विलंब से जमा करने पर लिए जाने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन किए जाने, विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली छापेमारी संबंधी व्यवस्था समाप्त करने, बिजली बिलों में फिक्स चार्ज एवं न्यूनतम शुल्क समाप्त करने तथा व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग भी उठाई गई।

## दूसरे दिन भी सकुशल व नकलविहीन संपन्न हुई पुलिस आरक्षी परीक्षा

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर भर्ती-2025 की 3 दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने पुनः सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2391 उपस्थित व 729 अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2380 उपस्थित व 740 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहा और सघन तलाशी



अभियान भी लगातार चलता रहा। इस दौरान किसी को भी मोबाइल व अन्य इलैक्ट्रॉनिक गैजेट अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम के साथ सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी।

## युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर में तो जिला कांग्रेस ने गांधी पार्क पर दिया धरना

# कलेक्टर के आदेश की उड़ी धज्जियां कांग्रेस ने दो जगह किए प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बेवजह धरना प्रदर्शनों पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जिला मजिस्ट्रेट के अधिकार का उपयोग करते हुए धरना प्रदर्शन पर मंगलवार से जो रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं वह आदेश जारी होने के दूसरे दिन ही तब निर्मूल साबित हो गए जब युवा कांग्रेस ने नामांतरण करने पर लगाई गई अघोषित रोक को हटाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर जाकर धरना दिया, वहीं जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में गांधी पार्क के भीतर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया. ज्ञात हो कि कलेक्टर शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर और उसके 100 मीटर तक आसपास के क्षेत्र में किसी भी तरह के प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है. साथ ही जिले में कहीं भी धरना प्रदर्शन करने से 48 घंटे पहले प्रदर्शन की एसडीएम से अनुमति लेना आवश्यक कर दिया है. बुधवार को हुए दोनों ही प्रदर्शनों की अनुमति मिलना संभव नहीं है क्योंकि युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर घुसकर प्रदर्शन किया वहीं जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा से नामांकन रद्द होने के विरोध में किया गया था जिसे फिलहाल 48 घंटे नहीं गुजरे हैं और कलेक्टर के निर्देश हैं कि धरना प्रदर्शन के लिए 48 घंटे पूर्व सूचना देकर स्वीकृति लेने जरूरी है.

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा के नेतृत्व में दिए गए धरना प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौपा गया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि श्योपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में अत्यधिक विलम्ब किया जा रहा है। आम नागरिकों को यह बताया जा रहा है कि नामांतरण कार्यों पर रोक है, जबकि ऐसी किसी रोक के सम्बन्ध में कोई सार्वजनिक अथवा लिखित आदेश उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिले के अनेक कृषकों, भूमि स्वामियों एवं आम नागरिकों को भूमि क्रय-विक्रय, उत्तराधिकार एवं अन्य वैधानिक मामलों में नामांतरण न होने के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी चर्चा एवं शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ प्रकरणों में अवैध धनराशि लेकर नामांतरण कार्य किए जा रहे हैं, जबकि सामान्य नागरिकों के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित रखे जा रहे हैं। यदि ऐसा हो रहा है तो यह शासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली एवं राजस्व प्रशासन की विश्वसनीयता के प्रतिकूल है। बिना किसी वैधानिक आदेश के लंबित रखे गए नामांतरण प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया जाने. नामांतरण कार्यों में रिश्वतखोरी एवं अन्य अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच करने, सभी तहसीलों में लंबित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा कर समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने, दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने, नामांतरण पर लगी रोक को तुरन्त हटाने की मांग शामिल की गई है.



### कांग्रेस ने जलाया पुतला पुलिस ने बुझाया

कांग्रेसजनों ने बुधवार को एक नहीं तीन प्रदर्शन किए पहले युवा कांग्रेस कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिबंध के बावजूद घुसकर धरना प्रदर्शन किया और जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गांधी पार्क के भीतर बिना स्वीकृति के टेंट लगाकर उपवास किया. इसके बाद स्तंभ पर पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया. हालांकि पुतला जलाने की सूचना पुलिस को मिल गई थी और उसने पुतला जलाने से रोकने के लिए पहले से इंतजाम किए थे कांग्रेसियों ने जैसे पुतले को जलाया वैसे ही पुलिस ने दमकल वाहन से पानी की बोछार कर आग बुझा दी।



### राज्यसभा नामांकन रद्द होने पर उपवास

गांधी पार्क पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर चले आयोजित हुए धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने गांधी जी की प्रतिमा पर चढ़कर श्रद्धांजलि दी और बाद में उपवास किया कांग्रेस नेता पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता ने कहा कि अभी तक भाजपा पर वोट चोरी कर सरकार बनाने का आरोप लगाता रहा है, अब राज्यसभा की सीट भी चोरी की जा रही है. मध्य प्रदेश से राज्यसभा में संख्या बल के आधार पर तीसरा सदस्य कांग्रेस से चुनाव जाना तय था बीजेपी ने विधायकों को खरीदने-तोड़ने के प्रयास किए गए लेकिन वह ईमानदारी से डटे रहे तो इस तरह से सरकार ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन की सीट ही चोरी कर ली यह संविधान पर सबसे बड़ा हमला है।

## शिकायत में नामांतरण के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था

# जनसुनवाई में झूठी शिकायत लेकर पहुंचे युवक पर अब होगी एफआईआर, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जनसुनवाई में नामांतरण संबंधी शिकायत को लेकर दंडवत करते हुए जनसुनवाई में पहुंचे युवक की शिकायत कलेक्टर शीला दाहिमा के द्वारा कराई गई जांच के दौरान झूठी पाई गई है। कलेक्टर के निर्देशो के बाद अब श्योपुर पुलिस कोतवाली में एफआईआर दर्ज होगी। क्योकि अब एफआईआर दर्ज कराए जाने सबंधी पत्र कोतवाली पहुंच गया।जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि जगदीश अग्रवाल पिछने दिनों जनसुनवाई में नामांतरण संबंधी शिकायत लेकर दंडवत करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा के पास पहुंचा। शिकायत के दौरान जगदीश ने आरोप लगाया है कि उसके प्लाट का नामांतरण करने के लिए 1 लाख रूपए की रिश्वत मांगी जा रही है। जिसके चलते उसका नामांतरण नहीं किया जा रहा है। यदि इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह जहर खाकर आत्महत्या कर लेगा,जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने अधिकारियों को इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लेकिन जब डिप्टी कलेक्टर संजय जैन की टीम ने जगदीश की शिकायत की जांच की तो प्रशासनिक टीम तब हैरत में पड गई, जब उसके द्वारा नामांतरण को लेकर कोई आवेदन ही नहीं किया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि आवेदक जगदीश पुत्र सुरजनमल अग्रवाल द्वारा वर्ष 2009 के पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण नहीं किए जाने की शिकायत की गई थी, जबकि संबंधित प्रकरण में नामांतरण के लिए कोई आवेदन न्यायालय तहसीलदार श्योपुर के समक्ष प्रस्तुत ही नहीं किया गया था और न ही कोई प्रकरण लंबित अथवा विचाराधीन पाया गया। तहसीलदार श्योपुर के समक्ष दर्ज कराए गए अपने बयान में आवेदक जगदीश अग्रवाल ने स्वीकार किया कि नामांतरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था।


उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि आवेदन में एक लाख रुपये लेकर नामांतरण किए जाने संबंधी तथ्य जल्दबाजी में लिख दिया गया था, जबकि किसी अधिकारी अथवा पटवारी द्वारा उनसे किसी प्रकार की राशि की मांग नहीं की गई थी। जांच के बाद इस मामले में कलेक्टर शीला दाहिमा ने एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। इस मामले में कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर का कहना है कि इस संबंध में पत्र कोतवाली पहुंच गया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# हज से लौटे हाजी, स्वागत सत्कार का शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पवित्र हज यात्रा से पर गए मुस्लिम समाज के लोग अब वापस घर लौटने लगे हैं. अधिकतर हाजी हज के अरकान पूरे कर लौट आए हैं जो बाकी रह गए हैं वह भी एक-दो दिनों में घर आ जाएंगे. हज से वापस लौटकर आए जायरीनो का मुस्लिम समाज के लोग और उनके नाते रिश्तेदार शुभचिंतक उनके घरों पर पहुंचकर स्वागत सत्कार करने में जुटे हुए हैं।

इस बार श्योपुर जिले से 43 लोग हज यात्रा पर गए थे. इनमें से पांच यात्री पहली बार उलमाओं की मांग पर भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयोग के तहत शॉर्ट हज यानी 20 दिन की हज यात्रा पर मक्का मदीना गए थे बाकी लोग 40 से 44 दिनों की हज यात्रा पूरी कर वापस लौट आए हैं शॉर्ट हज पर जाने वालों में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के जिला अध्यक्ष काजी असदुल्लाह कुरैशी और उनके पिता काजी अजीजुल्लाह कुरेशी, काजी असद की मां एवं समाजसेवी हाफ़िज़ शहजाद खान और उनकी पत्नी हज पर गए थे यह लोग 20 दिन की यात्रा कर वापस लौट आए हैं समाज सेवी हाफ़िज़ शहजाद ने बताया कि हज के जो फर्ज हैं वह करीब 7 दिनों में पूरे हो जाते हैं लेकिन अधिक सवाब कमाने की नीयत से लोग अधिक दिनों तक मक्का मदीना में रहना पसंद करते हैं इस बार उल्लेमाओ की मांग पर भारत सरकार ने शॉर्ट हज शुरू की थी जिसमें 20 दिनों की यात्रा का पैकेज निकाला था जिसमें हज के सभी अरकान पूरे करने के साथ उमरा और बाकी जियारत भी शामिल थी इससे हज पर जाने वालों को बहुत आसानी भी हुई है यह प्रयोग काफी सफल हुआ है हज से वापस लौट आए जायरीनो का स्वागत सत्कार जारी है जो लोग हाजियो को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत सत्कार घरों पर पहुंच कर कर रहे हैं उन्हें हाजी मक्का मदीना से लाइ पवित्र आमे जमजम खजूर मिठाई इत्यादि उपहार में दे रहे हैं. काजी असद उल्लाह कुरैशी ने अपने हज के स्मरण सुनाते हुए कहा कि जो लोग भारत से अनावश्यक खाने की सामग्री अपने साथ लेकर जाते हैं वह ना जाएं वहां पर किसी तरह के खाने की कोई कमी नहीं होती है. बल्कि जो सामान यहां से ले जाया जाता है वह हाजियो के लिए पूरे सफर में अनुपयोगी ही बना रहता है।



# बिजली कंपनी जीएम से मिले भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने बिजली कंपनी के महाप्रबंधक एलएन पाटीदार से उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की और श्योपुर जिले में उनके कार्यकाल को अच्छा बताते हुए उनके मुरैना जिले में स्थानांतरण होने पर वहां का कार्यकाल बेहतर होने की शुभकामनाएं दी। उन्होने बिजली कंपनी जीएम पाटीदार से कहा कि आपके द्वारा श्योपुर नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित कर आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान कराए जाने से नागरिकों को काफी राहत मिली।उन्होने शहर के विभिन्न वार्डो की बिजली समस्या बताते हुए उनके निराकरण को लेकर भी चर्चा की।

### रामबड़ौदा में युवक ने संदिग्ध हालत में खाया जहर,मौत

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र के गांव रामबडौदा निवासी विष्णु 24 वर्ष पुत्र पप्पूलाल बैरवा ने बुधवार के रोज संदिग्ध परिस्थितियो के बीच अपने घर पर कोई जहरीला पदाथ खा लिया। जिसका पता परिजनो को उसकी हालत बिगडने पर चला। इसके बाद परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 18 को श्योपुर आएंगे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, युवा कार्यकर्ताओं में बड़ी हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम हेमंत टेलर 18 जून को श्योपुर पहुंच रहे हैं जहां वह युवाओं से जुड़े कई कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर उन युवा कार्यकर्ताओं में अधिक उत्साह देखा जा रहा है जो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनने की उम्मीद संजोय हुए हैं. ऐसे युवाओं ने अपने समर्थन में कार्यकर्ताओं को एकजुट करना शुरू कर दिया है. युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ भाजपा कार्यालय पर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

हालांकि भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर युवा संवाद करने श्योपुर पहुंच रहे हैं. वह अपने दौरे पर युवाओं को जागरूक करेंगे. वह उन युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं और उनकी पसंद भाजपा और नरेंद्र मोदी है. इसके अलावा वह भाजपा के युवा जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे जिसमें नगरपालिका परिषद, नगर परिषद. जिला पंचायत तीनो जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों में निर्वाचित वो जनप्रतिनिधि शामिल होने. लेकिन इससे अधिक प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर वह कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं जो खुद को प्रदेश अध्यक्ष के सामने जिला अध्यक्ष के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश करना चाहते हैं इसके लिए क्या तैयारी की जा सकती है वह सब शुरू कर दी गई है. यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि ऐसे समय प्रदेश अध्यक्ष का दौरा हो रहा है जिसके बाद संगठन जिला अध्यक्ष की नियुक्ति करेगा. इस वजह से भी युवाओं में प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है.



# ग्रामीण विकास में आ रही समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय सरपंच संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय सरपंच संगठन की श्योपुर इकाई ने ग्रामीण विकास में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर शीला_दाहिमा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। सरपंच संगठन के सचिव महावीर मीणा ने बताया कि कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में ग्राम पंचायतो में सरपंचो को जो व्यवहारिक कठिनाई आ रही है,उनका उल्लेख करते हुए कलेक्टर से उनका समाधान करने का अनुरोध किया गया है। इस दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने सरपंचो की कठिनाईयों का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि सरपंच भारत की प्रमुख इकाई का अंग हैं। आप और हम मिलकर गांवों का विकास करेंगे और एक-दूसरे का पूरा सहयोग करेंगे। विकास कार्यों के आड़े आने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए भी प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।



## हत्याकांड का खुलासा करने पुलिस अपना चुकी कई तकनीकें, फिर भी सफलता दूर

# पुलिस के लिए चुनौती बना द्रोपदी हत्याकांड एसपी बोले खुलासा तो करके ही रहेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल कस्बे के चार खंभा गुर्जर बस्ती में करीब 20 पहले घर में घुसकर महिला द्रोपदी बाई की गला रेतकर की गई हत्या का मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एडी से चोटी तक जोर लगा चुकी है। इसके साथही पुलिस कई तकनीका उपयोग भी इस हत्याकांड के खुलासे के लिए कर चुकी है। लेकिन मामले का खुलासा नहीं होने के कारण सभी तकनीके फिलहाल फेल ही साबित हुई है। हालांकि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल दावा कर रहे है कि भलेही थोडा वक्त लग जाए,लेकिन हम इस मामले का खुलासा करके ही छोडेगे। लेकिन मामले के खुलासे को लेकर फिलहाल पुलिस को कोई सुराग नहीं मिलने से कई तरह के सवाल खडे हो रहे है। उधर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का कहना है कि इस हत्याकांड का खुलासा नहीं होने से समाज के लोग आक्रोशित है।

बताना होगा कि 19-20 मई की दरमियानी रात को कराहल की चार खंभा गुर्जर बस्ती निवासी महिला द्रोपदी बाई की अज्ञात हमलावरो ने घर में घुसकर धारदार हथियार से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी। इस हत्या से गुस्साए गुर्जर समाज के लोगो ने न केवल कराहल थाने का घेराव किया,बल्कि गुर्जर समाज के एक प्रतिनिधी मंडल ने श्योपुर आकर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात भी की। उस समय पुलिस अधीक्षक ने मामले का जल्द खुलासा करते हुए हत्यारोपियो को पकडे जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक न तो मामले का खुलासा हो सका और न ही हत्यारोपी पकडे गए है। हालांकि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस हत्याकांड के खुलासे के लिए एएसपी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम भी बना रखी है,जो इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए अलग अलग एंगल से जांच करने में लगी हुई है। मगर सफलता फिलहाल दूर ही बनी हुई है।

### पुलिस को वारदात में किसी नजदीक के शामिल होने का भी शक

इस हत्याकांड की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों को यह भी शक लग रहा है कि इस हत्याकांड में महिला या उसके परिवार का कोई नजदीकी व्यक्ति भी शामिल है। जिसने वारदात को अंजाम देने के दौरान ऐसा कोई सबूत मौके पर नहीं छोडा है,जिसके जरिए पुलिस के हाथ उसकी गिरवां तक पहुंच सके और पुलिस किसी नजदीकी को बिना कोई पक्के सबूत के उठा भी नहीं सकती है। उधर पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए अभी तक जो भी तकनीके अपनाई है,वो सभी तकनीके फेल साबित हुई है। इसलिए पुलिस अधिकारी यह बात भी कह रहे है कि इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पॉलीग्राफी टेंस्ट कराने जैसी तकनीको का उपयोग भी किया जा सकता है।

### टीआई की बदली से आक्रोश तो थमा,मगर राज नहीं खुला

हालांकि कराहल टीआई की बदली कर दी गई है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कराहल में पदस्थ रही टीआई यास्मीन खान तो कराहल से हटाकर महिला थाना टीआई श्योपुर बना दिया गया है। वहीं भारत सिंह गुर्जर को गसवानी से हटाकर बतौर कराहल टीआई नई पदस्थी कर दी गई है। इस पदस्थी के बाद कराहल में इस हत्याकांड को लेकर लोगो को जो आक्रोश सडक पर दिख रहा था,वह आक्रोश जरूर थम गया है।मगर मामले का खुलासा नहीं हुआ है।

### संदिग्धों की सूची में 20 लोगों के नाम

सूत्रो के मुताबिक पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर संदिग्ध दिखने वाले लोगो की सूची भी बना ली गई है। जिसमें करीब 20 संदिग्ध लोगो के नाम दर्ज किए है। पुलिस को उम्मीद है कि जो सूची बनाई गई है,उसमें शामिल लोगो में से भी कोई व्यक्ति इस हत्याकांड में शामिल हो सकता है। इसलिए पुलिस राउंडवार संदिग्ध लोगो की हर एंगल से जांच कर रही है।

### इनका कहना है

भलेही समय लग जाए,मगर इस हत्याकांड का राज फास करके ही रहेगे। हत्यारा जो भी होगा,उसे पकडकर सलाखो के पीछे जरूर भजेगे। हमारी टीमे हर एंगल से मामले की जांच में लगी हुई है। जरूरत पडने पर हम इस मामले का खुलासा करने के लिए नई तकनीको भी उपयोग करेगे।

सुधीर कुमार अग्रवाल
एसपी,श्योपुर

# किसानों से जुडी मांगों के समर्थन में केंद्रीय मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किसानों से जुड़ी मांगों को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से चर्चा कर उन्हें ज्ञापन सोपा.भाजपा नेता एड महावीर गुप्ता ने बताया कि पूर्व विधायक चौहान के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को अवगत कराया कि श्योपुर जिले में किसानों को खाद वितरण के लिए ई टोकन के माध्यम से व्यवस्था हो रही जिसमें किसानों को परेशानियां भी आ रही है. इस व्यवस्था को ठीक किया जाए और किसानों को मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए जिले में खाद का कोटा बढ़ाया जाए. इस दौरान पूर्व विधायक के साथ मौजूद अग्रवाल समाज अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नारायण गोयल सरपंच ढोढर, संतोष गर्ग ढोढर ने भी मुलाक़ात कर केंद्रीय मंत्री को सुझाव दिए. इस दौरान पूर्व विधायक चौहान ने माली समाज के प्रतिनिधि मण्डक की सौजन्य मुलाकात केंद्रीय मंत्री सिंधिया से करवाई जिसमे माली समाज श्योपुर के जिला अध्यक्ष रामप्रसाद सुमन, उपाध्यक्ष रामचन्द सुमन सहित अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को माली समाज से जुडी समस्याओं के सम्बंध में ज्ञापन सौपा।



### श्रीराम स्मृति उपवन में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा स्टेडियम परिसर स्थित श्री रामस्मृति उपवन की स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गायत्री परिवार एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों ने भी श्रमदान किया। इस अवसर पर पार्क में खरपतवार की सफाई एवं पौधों की कटिंग का कार्य किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार श्योपुर के कैलाश पाराशर,चौथमल शर्मा, बृजनेश सिंह परिहार,पूरणमल जांगिड़, राजेंद्र गुप्ता तथा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की डॉ श्वेता सिंहल, डॉ गायत्री मित्तल, विष्णु जाट एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर के आदित्य चौहान, ओम सुमन, रामराज प्रजापति, प्रदीप कतरोलिया, महावीर सुमन,संदीप कतरोलिया एवं शकील द्वारा श्रमदान कार्यक्रम में भागीदारी की गई।



## खबर संक्षेप

### किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत कदवाया निवासी रितिक पु मुकेश कुशवाह उम्र 17 साल ने विनोद भार्गव के खेत में आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 53 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर खुदकशी की

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवकुमार पुत्र स्वं. परमानंद शर्मा उम्र 53 साल निवासी लक्ष्मीनगर कॉलोनी गुना रोड अशोकनगर ने अपने ही घर की रैलिंग में फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालसा कॉलोनी निवासी अमन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संस्कार एकेडमी स्कूल के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 07 एनजी 4628 है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### जुए के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है, जिसमें संस्कृति स्कूल के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए माधौ सिंह अहिरवार, अर्जुन अहिरवार, राहुल जाटव, राहुल सिलावट को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1670 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही इसी स्थान से उदय ओझा, सतीश राय, राहुल यादव को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके पास से ताश की गडडी और 1280 रूपए मिले हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की देहात पुलिस ने प्याऊ चक्क निवासी अमर सिंह कुशवाह के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने ग्राम रांठ निवासी रामविलास कोरी के पास से 16 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की पिपरई पुलिस ने रूसल्ला निवासी सरदार बंजारा के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी संदीप धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित पटेल और उसके भाई ने उससे मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसारी निवासी लीलावती लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीरज कोली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुंदौल थाना बामौरी जिला गुना निवासी तेजभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान और निर्वाण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसारी निवासी नीरज कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बल्लू, सीताराम और लीलावती व रचना लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी विकास पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर, देवेन्द्र यादव और सददाव खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर चक्क निवासी ललिताबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभय सिंह परमाल, विनोद और मोबत बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी एवं उसकी कार तोड़ दी।

गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने में योग और ध्यान की अहम भूमिकाः डॉ. रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं जीवन में संतुलन बनाए रखने के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय के उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे उनके परिवार, माता-पिता एवं स्वयं के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। किसी भी समस्या का समाधान संवाद और उचित मार्गदर्शन से संभव है।




### तनाव नियंत्रण और एकाग्रता

सहारा जन कल्याण समिति के मनोवैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र यादव ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई का दबाव, भविष्य की चिंता एवं सामाजिक परिस्थितियां कई बार तनाव का कारण बन सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को अपनी भावनाओं को समझने, सकारात्मक वातावरण बनाने तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में योग एवं ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित योग, अनुशासित दिनचर्या और सकारात्मक विचारों के माध्यम से विद्यार्थी तनाव को नियंत्रित कर अपनी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. हरिशंकर सेन ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। किसी भी समस्या को छिपाने के बजाय शिक्षकों, परिवार या विशेषज्ञों से संवाद करना चाहिए। उन्होंने आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता का आधार बताया। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रकाश चंद्र ने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए बताया कि गांधीजी सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और सकारात्मक चिंतन के माध्यम से मानसिक शांति को महत्व देते थे। उनका जीवन हमें संतुलित विचारों और संयमित व्यवहार की प्रेरणा देता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ रितु राजपूत ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के मनोवैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने तनाव पहचानने, भावनाओं को नियंत्रित करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सहभागी के रूप में डॉ. निशि भदौरिया ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा छात्र कल्याण के संबंध में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. अमन आर्य, नीता नामदेव, नवीन नामदेव, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, कृतिका रत्नाकर सहित कॉलेज परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें तनावमुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना तथा एक स्वस्थ एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना रहा।

सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचा विद्यालय तक

# यातायात नियमों व राहवीर योजना की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय भोपाल की पीटीआरआई शाखा के निर्देशानुसार तथा मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में संस्कृति विद्यालय अशोकनगर में यातायात नियमों एवं राहवीर योजना विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात मनीष सिंह चैहान एवं यातायात विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को सुरक्षित यातायात के महत्व, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा नियमों के पालन से होने वाले सामाजिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षकों से आग्रह किया गया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करे एवं विद्यार्थियों के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करें तथा सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना के पश्चात प्रारंभिक एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि कोई नागरिक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल निकटतम अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाकर समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहयोग करता है, तो वह किसी की अमूल्य जीवन रक्षा का माध्यम बन सकता है साथ ही नागरिकों को दुर्घटना पीड़ितों की सहायता हेतु बिना किसी भव या संकोच के आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

### लखन यादव बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष



**अशोकनगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की अनुशंसा पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे राजवाड़े द्वारा भाजपा जिला मंत्री लखन यादव को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले भर के कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा की बहनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिए एवं उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# 391 आवेदक गांव तक की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के यहां पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा समयबद्ध रूप से हर संभव निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदकों से विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 391 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी गनेशराम द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम खिरिया तेल निवासी गजेन्द्र सिंह यादव द्वारा रास्ता वहाल कराये जाने,पिपरई निवासी कस्तूरी बाई द्वारा पट्टा दिलाये जाने,ग्राम सिंकदरा निवासी रामकुमार द्वारा खसरा कम्प्यूटर पर दर्ज कराये जाने,ग्राम बढौली निवासी दिनेश अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम सेजी निवासी प्रद्युमन द्वारा सडक निर्माण कराये जाने,ग्राम कैथन निवासी जगभान सिंह द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम खिरिया निवासी नथन सिंह द्वारा डूब क्षेत्र का मुआवजा दिलाये जाने,ग्राम मूडरा बहादरा निवासी खुमान सिंह द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम कैशोपुर निवासी निशा द्वारा पति की मृत्य होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम सेजी निवासी ब्रजेश सिंह द्वारा पात्रता पर्ची बनवाये जाने,ग्राम बमनाई द्वारा मन्नू सिंह द्वारा नामांतरण कराये जाने,ग्राम पिपलखेडा निवासी विनीता बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय स्वीकृत कराये जाने, अशोकनगर निवासी रामबाबू कुशवाह बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने संबंधी अन्य आवेदन आवेदकों से प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।






**कलेक्टर ने बच्चों को पुस्तकें की वितरित**

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनसुनवाई में आए संजू केवट एवं मीनाक्षी केवट पिता स्वर्गीय गोविंद केवट का विकासखंड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में प्रवेश कराकर मौके पर पुस्तकें वितरण की। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम आदि रहे मौजूद।

### बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम टकनेरी में जननायक भगवान बिरसा मुंडा को पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लेकर भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और समाज सुधार के योगदान को याद किया। इस दौरान समाजजनों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र रावत ने आदिवासी समाज से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को अपने बच्चों, परिवार और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी वर्ग की भूमि पर अवैध कब्जों और भूमि हड़पने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन्हें रोकने के लिए समाज को सामूहिक प्रयास करने होंगे। साथ ही उन्होंने सरकार से भूमाफियाओं के कब्जे से आदिवासी भूमि को मुक्त कराने की मांग भी की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृक्ति और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। उनके आज भी समाज को संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रेरणा देते हैं।

# तुलसी सरोवर शहर का सुंदर पर्यटक स्थल

**लेकिन तालाब के पास से अतिक्रमण हटना जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के बीचों-बीच बहने वाले तुलसी सरोवर से लगा हुआ शहर किसी सुंदर पर्यटक स्थल से कम नजर नहीं आता है यहां तालाब का बहता हुआ अठखेलिया लेता हुआ पानी और तालाब के किनारे बसे शहर अपने आप में एक सुंदर नगर की कल्पना करता दिखाई देता है। लेकिन इस तालाब के पास से अतिक्रमण हटाना जरूरी है तभी तालाब सौंदरीकरण के रूप में जाना जाएगा।

### शहर का तुलसी सरोवर आंनद और अनुभूति का स्थल

अशोकनगर का तुलसी सरोवर शहर का एक ऐसा स्थल है जो इस शहर की पानी के जलस्तर को मदद करने में सहायक है जो यहां आने वाले लोगों को आनंद की अनुभूति प्रदान करता है। यह तालाब का जल धार्मिक कार्यों की पूर्ति के काम में आता है यह तालाब है तो सब कुछ है। हर शहर की अपनी एक पहचान होती है कि उसके पास एक तालाब जरूर हो। वैसे तो इस शहर में कमलिया तालाब हो या फिर बजरिया में भुजरिया तालाब रहा हो अब कोई तालाब नजर नहीं आता जो कुछ है अब सिर्फ तुलसी सरोवर है।



### 1977 में तालाब बना, 1990 में बायपास रोड निकली

यह सरोवर 1975 में बनना प्रारंभ हुआ 1977 में बनकर तैयार हुआ। जनता पार्टी की सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल ने इस तालाब का लोकार्पण किया था। यह तालाब शहर की अब धरोहर बन गया है लेकिन अतिक्रमण हटाने में प्रशासन मौन है। यहां इतने अतिक्रमण है कि अगर उनकी गिनती की जाए तो कम पड़ जाए।

### वायपास रोड तुलसी सरोवर के किनारे करोड़ों की लागत

क्योंकि यह तालाब कभी शहर से बाहर था जब शहर में एक नया ओवर ब्रिज बना तब उस ओवर ब्रिज को जोड़ने के लिए एक बायपास रोड का निर्माण किया गया। यह बायपास रोड तालाब के किनारे से निकला है और विजयाराजे सिंधिया चैराहे पर जाकर मिलती है। इस तालाब के किनारे से निकली रोड पर से पूरा शहर का यातायात निकलता है। सारे बाहर के वाहन निकलते हैं यही बस स्टैंड है यही कई कॉलोनीयां बस गई हैं। यहां एक-एक आवासीय भूखंड की कीमत करोड़ों रुपया है जो अतिक्रमण है वह तालाब की भूमि पर है।

### तालाब अतिक्रमण की चपेट में, कोई कार्रवाई नहीं

यह तालाब जल संसाधन विभाग का है लेकिन जल संसाधन विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। उसकी अपनी भूमि विभाग नही बचा पा रहा है जिसके कारण तालाब का सौंदर्य स्वरूप निखरकर नहीं आ पा रहा है। शहर की जनता चाहती है कि भोपाल का तालाब जब सुंदर बन सकता है अगर भोपाल के तालाब का पानी शहर की सड़कों के किनारे से होकर निकल सकता है तो अशोक नगर में क्यों नहीं। कब होगी कार्यवाही, कैसे तालाब अतिक्रमण से मुक्त होगा। कैसे जमीन को बचाया जाएगा, यह बड़ा सवाल प्रशासन के सामने चुनौती भी है और तालाब के लिए आवश्यक भी है।

**अतिक्रमण फैलने के बाद प्रशासन को याद आता है और फिर शुरू होती है बुल्डोजर की कार्रवाई**

# अतिक्रमण की जब शुरुआत होती है तब कोई कार्रवाई नहीं होती?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यह जनता की ज़मीनी हकीकत, दर्द और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बिल्कुल सटीक चोट करता हुआ विश्लेषण है। जब अतिक्रमण की शुरुआत होती है, तब बिजली-पानी के कनेक्शन देकर उसे बढ़ावा दिया जाता है, और सालों बाद जब गरीब वहां बस जाता है, तब अचानक बुलडोजर चला दिया जाता है।



### बाईपास के तमरपुरा में हुई कार्रवाई के बाद जनता के सवाल

कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए यह लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है। लेकिन चंदेरी में अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर ऐसा लगता है कि प्रशासन का पीला पंजा सिर्फ गरीबों की झोपड़ियों का पता जानता है, रसूखदारों के आलीशान अवैध निर्माणों का नहीं। बाईपास के तमरपुरा में हुई कार्रवाई के बाद अब जनता खुलकर सवाल पूछ रही है कि आखिर कार्रवाई में यह दोहरा मापदंड क्यों? जनता का सीधा और तीखा सवाल है कि क्या अतिक्रमण सिर्फ तमरपुरा में ही था? टेकरी के नीचे बसी नई बस्ती, फतेहाबाद और मातामढ़ जैसी जगहों पर जो भारी-भरकम और आलीशान अतिक्रमण सीना ताने खड़े हैं, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? जनता पूछ रही है क्या इन इलाकों में बैठे रसूखदारों और भू-माफियाओं के रसूख से प्रशासन का बुलडोजर डर जाता है? अगर कानून की नजर में सब समान हैं, तो इन रसूखदारों को अब तक अभयदान क्यों मिला हुआ है? जब अतिक्रमण होता है, तब प्रशासन को सांप क्यों सूंघ जाता है?

**अतिक्रमण भी प्रशासन की देखरेख में होता है और हटाता भी प्रशासन ही है** इस पूरे खेल में प्रशासन की लापरवाही सबसे बड़ी विलेन है। चंदेरी में यह ट्रेंड बन चुका है बाहर से लोग आते हैं, सरकारी जमीन को खाली देखते हैं और उस पर कब्जा करना शुरू कर देते हैं। शुरुआती लापरवाही जब अतिक्रमण की पहली ईंट रखी जाती है, तब प्रशासनिक अमला कुंभकर्णी नींद सोया रहता है। मूलभूत सुविधाओं की रेवड़ी, सबसे बड़ी प्रशासनिक विफलता यह है कि अवैध रूप से कब्जा की गई जमीनों पर धड़ल्ले से बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया करा दी जाती हैं। यदि प्रशासन शुरुआत में ही इन जगहों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखे, तो अतिक्रमण की नौबत ही न आए। बाद में उजाड़ने का क्रूर खेल सालों तक आंखें मूंदे रखने के बाद प्रशासन अचानक जागता है और बुलडोजर लेकर पहुंच जाता है।

### शासन की जमीन बचाने और न्याय के लिए 3 सूत्रीय एक्शन प्लान

यदि प्रशासन सचमुच निष्पक्ष है और चंदेरी को अतिक्रमण मुक्त करना चाहता है, तो उसे यह चुनौती स्वीकार करते हुए एक समान नीति अपनानी होगी।

### यहां से भी हटाएं जाएं अतिक्रमण

1. भेदभाव रहित एक समान कार्रवाई तमरपुरा की तरह ही टेकरी के नीचे, नई बस्ती, फतेहाबाद और मातामढ़ के भारी-भरकम अतिक्रमणों पर भी बिना किसी रसूख के डर के बुलडोजर चलना चाहिए।
2. वास्तविक गरीबों की सूची और पुनर्वास जो लोग सचमुच गरीब और भूमिहीन हैं, प्रशासन उनकी एक पारदर्शी सूची तैयार करे। उन्हें उजाड़ने से पहले उनके पुनर्वास (रहने की व्यवस्था) का इंतजाम किया जाए, ताकि न्याय का गला न घोटे। 3. शुरुआती दौर में ही सख्त पाबंदी खाली पड़ी सरकारी जमीनों की फेंसिंग हो। बाहर से आकर कब्जा करने वालों पर तुरंत एफआईआर हो और अवैध कब्जों को शुरुआती दौर में ही बिजली-पानी के कनेक्शन देना बंद किया जाए।